भारतीय स्मार्ट सिटी

चुनौतियां

विचार शिविरः स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का वित्तीयन, सत्र कार्यपत्रक

1. वह कौन सा प्रयास है जिसे आपका शहर आपके स्मार्ट सिटी प्रस्ताव के राजस्व सृजन घटक में शामिल करने पर विचार कर रहा है?

2क. क्या आपको, आपके शहर में स्मार्ट शहर परियोजना की अनुमानित लागत का अंदाजा है? यदि ऐसा है तो आपके अनुसार इसकी लागत क्या हो सकती है ?

2ख. क्या आपके शहर द्वारा अन्य गैर उत्पादक निवेशों/पूंजीगत खर्चों की पहचान की गई है जिनमें स्मार्ट शहर प्रस्ताव के लिए निधि सृजित करने हेतु कटौती की जा सकती है?

2.ग. क्या आपके शहर द्वारा ऐसी परियोजनाओं को जिन्हें केवल शहर द्वारा शुरु किया जा सकता है, उन परियोजनाओं से पृथक करने के लिए कोई विश्लेषण किया गया है जहां निजी क्षेत्र पूंजी निवेश एवं पुन:प्राप्ति कर सकता है?

3. आपके अनुसार आपकी स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के निधियन का स्रोत क्या है (भारत सरकार के अंशदान के अलावा) - राज्य सरकार से? शहरी स्थानीय निकायों की अपनी निधि से ? अन्य स्रोतों से ?

4. शहरी स्थानीय निकाय किस हद तक स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के लिए अपने स्रोतों से निधि पैदा करने में सफल होंगे और संभावनाशील कौन से क्षेत्र हैं जिन्हें अभिचिह्नित किया जा सकता है- स्थानीय संपदा कर? प्रभाव शुल्क? टैरिफ? अन्य स्रोत?

5. क्या शहर द्वारा स्मार्ट सिटी क्षेत्र में रियल इस्टेट की बढ़ी कीमतों तथा निजी निर्माण कार्यकलाप का मुद्रीकरण करना चाहता है? यदि हां तो कैसे?

6. क्या शहरी स्थानीय निकाय स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की आंशिक लागत को पूरा करने के लिए कर्ज लेना चाहता है। कर्जदारी की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उधार लेने की उनकी कितनी क्षमता है?

7. अधिकतर राज्य एसएफसी अनुदान तथा अंतरण बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय वित्त आयोग के अनुदान में भी वृद्धि होगी। क्या शहर द्वारा यह तय कर लिया गया है कि इन निधियों में से कितनी स्मार्ट सिटी प्रस्तावों के लिए रखी जाएगी?

8. वित्तीयन के संदर्भ में शहरी स्थानीय निकाय स्मार्ट सिटी एसपीवी को प्रचालनीय करना चाहते हैं - क्या शहरी स्थानीय निकाय राजस्व के अपने सभी स्रोतों को स्मार्ट सिटी क्षेत्र से एसपीवी को सुपुर्द करने में समर्थ होंगे?

9. स्मार्ट सिटी क्षेत्र से कर व्याप्ति तथा संग्रह दक्षता का वर्तमान स्तर क्या है? क्या राजनीतिक नेतृत्व कम से कम स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अनुपालन लागू करने को प्रतिबद्ध है?

10. क्या शहर द्वारा स्मार्ट सिटी क्षेत्र में बेहतर सेवाओं के लिए विशिष्ट (और उच्च) कर एवं प्रभारों की संभावना तलाशी जा रही है?

11. स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की वित्त व्यवस्था को कार्यशील बनाने के लिए कौन से स्थानीय एवं राज्य स्तरीय नीतिगत एवं अन्य अनुमोदनों की जरूरत है?